

## गुस्ताखी माफ

ईटेबल बरतन बनें, केवल यही उपाय।
बरतन खाये जा सकें, छक के भोजन-चाय।
छक के भोजन-चाय, लोग बरतन खायेंगे।
धोने-वोने नहीं, निपट झट से जायेंगे।
कह साहिल कविराय, तरीका है यह केवल।
मुंह भी मीठा करें, बनें बरतन ईटेबल।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 94 | WEDNESDAY 15-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# सिविल अस्पतालो में मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर की कमी बरकरार 50% से अधिक पद खाली, कैसे बनेगे कॉरपोरेट अस्पताल

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 14 अप्रैल। राज्य के सिविल अस्पतालों में मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर की कमी पर कार है वर्तमान में भी 50% से अधिक पद खाली बताए जाते हैं जहां तक एमबीबीएस डॉक्टरों की संख्या का सवाल है पिछले समय में सरकार द्वारा 1000 डॉक्टरों की भर्ती करने के बावजूद अभी भी 30% के लगभग एमबीबीएस पोस्टिंग खाली बताई जाती है विशेषज्ञों का कहना हैं कि यह सिस्टम फैलियर की कहानी है जिसके चलते डॉक्टर ही नहीं स्टाफ नर्सो फार्मासिस्ट तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की संख्या भी सरकार से कभी पूरी नहीं हो पाई है सरकार द्वारा सिविल अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाने और कॉर्पोरेट अस्पतालों के बराबर बनाने की बात की जाती है।



## सिविल अस्पताल बनने लगे रेफरल सेंटर

सिविल अस्पताल मल्टीस्पेशलिटी अथवा कॉर्पोरेट अस्पतालों की तर्ज पर काम करने की बजाय रेफरल अस्पताल बनते जा रहे हैं अधिकतर गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जाता है जिनमे निजी अस्पताल भी शामिल है हाल ही में लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए सिविल अस्पताल लुधियाना द्वारा एक निजी अस्पताल से करार किया गया है इसके अलावा 400 बच्चों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जा चुका है। लोगों का कहना है कि मैं सीनियर मेडिकल ऑफिसर के आने के बाद हालत पहले से बेहतर हुए हैं।

## स्टाफ नर्सिस, फार्मासिस्ट अन्य कर्मचारी भी शार्ट

कई सरकारों के आने-जाने के बाद भी कोई भी सरकार डॉक्टरों तथा स्टाफ की कमी पूरी नहीं कर पाई है उदाहरण के तौर पर लुधियाना के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के लगभग 30 प्रतिशत से अधिक पद खाली पड़े हैं और एक भी रेगुलर स्पेशलिस्ट तैनात नहीं है इसके अलावा 100 के करीब स्टाफ नर्सो की कमी है।

## मेडिकल स्पेशलिस्टो की कमी नहीं हो रही पूरी

सिविल अस्पताल में कई वर्षों से कोई मेट्रन तैनात नहीं रही और ना ही नर्सिंग सुपरीटेंडेंट तैनात की गई है इसी तरह लेबोरेटरी टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, डेंटल, रेडियोलॉजी विभाग में डॉक्टरों की बेहद कमी है सरकार की उदासीनता को देखते हुए कई मेडिकल्स स्पेशलिस्ट कॉर्पोरेट अस्पतालों में चले गये रिटायरमेंट के करीब पहुंचने पर भी बहुत कम मेडिकल स्पेशलिस्ट है जो दोबारा सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

## उपकरणों की मेंटेनेंस कौन करेगा

सिविल अस्पतालों में लगाए गए उपकरणों मशीनों आदि की मेंटेनेंस समय पर नहीं कराई जाती जिसके कारण यह हद से होने का खतरा बना रहता है इसमें आलम यह है कि अगर दवाई है तो डॉक्टर नहीं अगर वेंटीलेटर है तो चलाने के लिए टेक्निकल स्टाफ नहीं इसलिए किसी का भी काम कोई भी करने के लिए सामने आ जाता है या नॉन टेक्निकल व्यक्ति को ही टेक्निकल का काम सौंप दिया जाता है।

## डॉक्टरो व स्टाफ की कमी का ब्योरा

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की माने तो जिले के सरकारी अस्पतालों में 100 से अधिक स्टाफ नर्स की जरूरत है जबकि 150 के करीब डॉक्टर और होने चाहिए ऐसा माना जा रहा है इसके अलावा 10 फार्मासिस्ट यही नहीं अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाओं के लिए डॉक्टरों की पूर्ण रूप से तैनाती कई वर्षों से नहीं की गई गढ़ वर्ष भी है मामला सामने आया था कि 30 इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसरो के बावजूद 8 की तैनाती की गई थी बताया जाता है कि यह संख्या आज भी पूरी नहीं हुई इसी तरह सिविल अस्पताल लुधियाना खन्ना तथा जगराओं में डॉक्टरों व स्टाफ की कमी बरकरार है विश्व स्वास्थ्य संगठन अगर 1000 लोगों पर एक डॉक्टर की तैनाती की बात भी करे तो 11000 पर भी एक डाक्टर तैनात नहीं है इसी क्रम में विशेषज्ञों की कमी की बात करें तो एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, डेंटल सर्जन तथा शिशु रोग विशेषज्ञ, छाती के रोगों के विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञों की कमी बरकरार हैं इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में न्यूरोलॉजी तथा हृदय रोग विशेषज्ञों का मुंह देखना अभी बाकी है शायद सरकारी अस्पतालों के कॉरपोरेट अस्पताल बनने के बाद यह कमी भी पूरी हो जाए।

# रामदरबार फेस-2 में टूटी सड़क की मरम्मत शुरू, स्थानीय लोगों ने जताया आभार

यूटर्न टाइम NEWS IMPACT

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। वार्ड नंबर-19 के अंतर्गत रामदरबार फेस-2 में जर्जर सड़क को लेकर प्रकाशित खबर का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। यू टर्न टाइम्स द्वारा क्षेत्र की खराब सड़कों और नगर निगम की लापरवाही को प्रमुखता से




उठाने के करीब एक माह बाद अब सड़क मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। गौरतलब है कि गवर्नमेंट हाई स्कूल टी-पॉइंट के सामने और गुरुद्वारा साहिब के नजदीक सड़क लंबे समय से टूटी हुई थी। सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन छोटे-बड़े





हादसे हो रहे थे। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे थे और स्कूल के पास होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई थी। समाजसेवक अरविन्द सिंह ने कई बार प्रशासन से सड़क की मरम्मत की मांग की थी, लेकिन

लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद यू टर्न टाइम्स ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित कर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे।

अब क्षेत्र में सड़क की मरम्मत और री-कारपेटिंग का कार्य शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। समाजसेवक अरविंद सिंह ने इस कार्य का श्रेय यू टर्न टाइम्स को देते हुए कहा कि मीडिया ने जनता की आवाज बनकर प्रशासन को जगाने का काम किया है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को इसी तरह प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

Uturn Time 15 Apr 2026_Layout 2 14-04-2026 23:37 Page 2



# फॉर्च्यून पैनोरा 2026 : अवाड्र्स और शानदार भागीदारी के साथ बनाई पहचान

**नॉर्थ इण्डिया में सुनी रीएल एस्टेट अवॉर्ड्स की धमक**




कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा 01से पैनोरा 2026 शोस्टॉपर आवर्ड लेते वेस्टर्न लिविंग के सीएमडी हिमांशु क्वात्रा एवं टीम,



कैबिनेट मंत्री अरोड़ा से पैनोरा 2026 क्रिएटिव एक्सीलेंस आवर्ड लेते एमजी ग्रुप के सीएमडी अशोक मल्होत्रा,सुरेंद्र शर्मा एवं मुकेश भारती




कैबिनेट मंत्री अरोड़ा से पैनोरा 2026 बेस्ट विजुअल एंड कॉन्सेप्च्युअल प्रेजेंटेशन अवार्ड लेते फोर्टेम टाउनस्क्वेयर की ओर से सीएमडी तरुणजीत टक्कर सोनू ने डायरेक्टर गुणवीर टक्कर




कैबिनेट मंत्री अरोड़ा से पैनोरा 2026 आउटस्टैंडिंग मार्केटिंग इम्पैक्ट अक्रॉस पंजाब अवार्ड लेते सीएम इन्फिनिया की हेड सेल्स पूजा थापर एवं टीम



कैबिनेट मंत्री अरोड़ा से पैनोरा 2026 मोस्ट इनोवेटिव एंड इम्पैक्टफुल प्रेजेंटेशन अवार्ड लेते जेएलओ ग्रुप की नेहा एवं टीम मैमब्र




कैबिनेट मंत्री अरोड़ा से पैनोरा 2026 एक्सीलेंस इन फैब्रिकेशन अवार्ड लेते इवेंट सपोर्ट सर्विसेज के निदेशक आशीष शुक्ला एवं जेएलओ समूह की ओर से नेहा ने अपनी टीम के साथ हांसिल किया ।

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। दो दिवसीय फॉर्च्यून पैनोरा 2026 झ्र द प्रॉपर्टी फेस्ट इस वर्ष अपने भव्य आयोजन के साथ-साथ प्रतिष्ठित पुरस्कारों के कारण विशेष चर्चा में रहा। रियल एस्टेट क्षेत्र के इस मेगा आयोजन में जहां एक ओर 6 हजार से अधिक दर्शकों की उल्लेखनीय उपस्थिति और बड़े पैमाने पर बुकिंग्स दर्ज की गई, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रदान किए गए सम्मान समारोह ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। प्रदर्शनी में 27 प्रमुख कंपनियों ने आकर्षक स्टॉलों के माध्यम से अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया और उल्लेखनीय व्यावसायिक सफलता प्राप्त की। आयोजन के दौरान प्रख्यात बिजनेस प्रोफेशनल वीके. गोयल के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जूरी ने गोपनीय मानकों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में छह प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया। ये पुरस्कार पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा तथा जूरी प्रमुख वी.के. गोयल द्वारा विजेताओं को प्रदान किए गए। अवार्ड विजेताओं में टीम वेस्टर्न लिविंग को पैनोरा 2026 शोस्टॉपर, अशोक मल्होत्रा ग्रुप को क्रिएटिव एक्सीलेंस, सीएम इन्फिनिया को आउटस्टैंडिंग मार्केटिंग इम्पैक्ट अक्रॉस पंजाब, जेएलओ को मोस्ट इनोवेटिव एंड इम्पैक्टफुल प्रेजेंटेशन, फोर्टेम टाउनस्क्वेयर को बेस्ट विजुअल एंड कॉन्सेप्चुअल प्रेजेंटेशन तथा इवेंट सपोर्ट सर्विसेज को एक्सीलेंस इन फैब्रिकेशन के लिए सम्मानित किया गया। ये अवाड्र्स वेस्टर्न लिविंग की ओर से सीएमडी हिमांशु क्वात्रा ने अपनी टीम सहित, एमजी ग्रुप की ओर से सीएमडी अशोक मल्होत्रा, सुरेंद्र शर्मा एवं मुकेश भारती सहित , फोर्टेम टाउनस्क्वेयर की ओर से सीएमडी तरुणजीत टक्कर सोनू ने डायरेक्टर गुणवीर टक्कर , सीएम इन्फिनिया की ओर से हेड सेल्स पूजा थापर ने टीम सहित तथा इवेंट सपोर्ट सर्विसेज के निदेशक आशीष शुक्ला एवं जेएलओ समूह की ओर से नेहा ने अपनी टीम के साथ हांसिल किया। सुस्त बाजार के बावजूद, प्रदर्शनी में 6,000 से अधिक गुणवत्तापूर्ण दर्शकों की उपस्थिति ने इसकी सफलता को प्रमाणित किया। साथ ही, हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने की खुशी में 100 लकी विजिटर्स के लिए हलवारा से दिल्ली हवाई यात्रा टिकटों के ड्रा ने पूरे आयोजन को 'टॉक ऑफ द टाउन' बना दिया। अवॉड्र्स, प्रभावशाली भागीदारी और शानदार उपस्थिति के साथ फॉर्च्यून पैनोरा 2026 ने रियल एस्टेट प्रदर्शनी के क्षेत्र में एक नया माइल स्टोन स्थापित किया है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 बुधवार, 15 अप्रैल 2026



पेज 06 बाबा साहिब को समर्पित विशाल पैदल मार्च...

# ईएसआई अस्पताल लुधियाना में बदहाल व्यवस्था: मरीज के परिजन फर्श पर सोने को मजबूर, प्रशासन मौन

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। अस्पतालों में मरीजों को होने वाली परेशानियों की खबरें तो अक्सर सामने आती रहती हैं, लेकिन महानगर के भारत नगर चौंक नजदीक स्थित ईएसआई अस्पताल की जो तस्वीर सामने आई है, वह सिस्टम की एक और बड़ी विफलता को उजागर करती नजर आ रही है। यहां इलाज कराने आए मरीजों के साथ उनके परिजन न केवल अस्पताल के गलियारों में फर्श पर रात बिताने को मजबूर हैं, बल्कि उन्हें अपने घरों से कंबल व बिस्तर तक लाने पड़ रहे हैं। अस्पताल के कॉरिडोर में महिलाएं, बुजुर्ग और गरीब परिवारों के लोग अपने-अपने कंबल बिछाकर जमीन पर सोते दिखाई देते हैं। कई जगहों पर लोग बेंच और कुर्सियों के पास या नीचे तक लेटे हुए हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि अस्पताल प्रशासन द्वारा अटेंडेंट्स के लिए किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अस्पताल की ओर से न तो कोई बिस्तर उपलब्ध कराया गया है और न ही ठहरने के लिए कोई अलग वेटिंग एरिया या शेल्टर बनाया गया है। ठंडे फर्श पर रात बिताना मजबूरी बन चुका है, जिससे स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ रहा है और संक्रमण का जोखिम भी बना हुआ है।





## अस्पताल प्रशासन की बड़ी लापरवाही

ईएसई अस्पताल पंजाब का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल माना जाता है। जहां पर लोग दूसरे शहरों से भी इलाज कराने आते हैं। लेकिन वहां पर यह हालात हैं। यहां सवाल यह उठता है कि जब अस्पताल में रोजाना भारी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते हैं, तो उनके लिए न्यूनतम सुविधाएं तक क्यों सुनिश्चित नहीं की गई। क्या प्रशासन को इस स्थिति की जानकारी नहीं है या फिर जानबूझकर इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। लेकिल कुल मिलाकर इसमें अस्पताल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। हालांकि मरीज के ईएसई कार्ड से अस्पताल को इलाज की पेमेंट पूरी मिलती हैं, फिर मरीज व उसके रिश्तेदारों को सुविधाएं अधूरी क्यों दी जा रही हैं।

## राजनेताओं के दावे भी फेल

शहर के कई राजनेताओं द्वारा अक्सर इस अस्पताल में अच्छी व्यवस्था होने के दावे किए जाते हैं। कहा जाता है कि सरकारों द्वारा ईएसई अस्पताल में पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। लेकिन यहां जमीनीं हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। चर्चा है कि यह कुव्यवस्था आज से नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। लेकिन अस्पताल के मेडिकल हेड इसे देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। वहीं चर्चा है कि इसी रास्ते से रात को डॉक्टर्स आते जाते हैं। लेकिन फिर भी उन्हें लोगों की समस्या दिखाई नहीं देती।

## मरीजों के रिश्तेदारों ने की मांग

स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने न केवल अटेंडेंट्स के लिए उचित रात्रि विश्राम व्यवस्था, बेड, कंबल और साफ-सुथरा वेटिंग एरिया उपलब्ध कराने की मांग की है, बल्कि अस्पताल की समग्र सेवाओं में भी सुधार की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि मरीजों के इलाज, साफ-सफाई, प्रबंधन और सुविधाओं के स्तर को तुरंत बेहतर बनाया जाए, ताकि आने वाले लोगों को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण मिल सके। साथ ही लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो यह मामला मानवाधिकारों और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर विफलता के रूप में सामने आ सकता है।

# अटल अपार्टमेंट्स का पारदर्शी ड्रा, साल के अंत तक मिलेगा फ्लैट्स का कब्जा





लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अटल अपार्टमेंट्स योजना के तहत फ्लैट्स का ड्रा आज पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ, जिसकी निगरानी स्वयं स्थानीय निकाय मंत्री Sanjeev Arora ने की। नेहरू सिद्धांत केंद्र में आयोजित इस ड्रा में बड़ी संख्या में आवेदक मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया को खुले तौर पर देखा। मंत्री ने इस अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं देना है। उन्होंने बताया कि योजना को जनता का जबरदस्त समर्थन मिला है, जहां उपलब्ध फ्लैट्स के मुकाबले करीब दस गुना अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आंकड़ों के अनुसार, 43 एचआईजी फ्लैट्स के लिए 571 आवेदन और 136 एमआईजी फ्लैट्स के लिए 963 आवेदन आए, जो इस योजना की लोकप्रियता को दर्शाता है। परियोजना का लगभग 70-80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष फिनिशिंग कार्य जारी है। सरकार की योजना के अनुसार इस वर्ष के अंत तक फ्लैट्स का कब्जा सौंप दिया जाएगा।

सिर्फ आवास ही नहीं, शहर के विकास को भी गति देने के लिए मंत्री ने कई अहम घोषणाएं कीं। किचलू नगर, मॉडल टाउन एक्सटेंशन और कबीर सोसायटी में तीन नए कम्युनिटी सेंटर जल्द शुरू किए जाएंगे। साथ ही मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पूरे पंजाब में सीवरेज की बड़े स्तर पर सफाई की जाएगी, जिसके लिए 9 ठेकेदार 24 घंटे तैनात रहेंगे। इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन ने बताया कि इस योजना को आम जनता से शानदार प्रतिक्रिया मिली है और इससे शहर के विकास को नई गति मिलेगी। जल्द ही निम्न आय वर्ग के लिए नए फ्लैट्स और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स भी शुरू किए जाएंगे।

ड्रा के दौरान जतिंदर सिंह खंगूरा, मनु जैरथ, परमिंदर सिंह संधू, अमनदीप सिंह भाथल, संदीप मिश्रा और बलबीर चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी मौजूद रहे।

# संविधान के रचयता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की शिक्षाओं को याद करना समय की मांग : खन्ना



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/14 अप्रैल। भाजपा के सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा की बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर ने शिक्षा के माध्यम से समाज को आगे बढ़ने की शिक्षा दी है. खन्ना ने कहा की आज बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर जी की शिक्षाओं को याद करना समय की मांग है. खन्ना ने कहा की बाबा साहेब ने सर्वोच्च शिक्षा ग्रहण कर देश का भविष्य लिखा जिसमें उन्होंने सबको बराबरी का हक दिलवाया. खन्ना ने कहा की आज बाबा साहेब के जीवन से शिक्षा लेकर हर युवा को सर्वोच्च शिक्षा हासिल करनी चाहिए ताकि हर युवा अपनी विद्या और ज्ञान के माध्यम से देश का उज्जवल भविष्य लिखने में सक्षम हो सके. इस मौके खन्ना ने बाबा साहिब डॉ. भीम राव आंबेडकर को उनके 134 वें जन्मदिवस पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# एडीसी पूनम सिंह ने अनाज मंडी का किया दौरा, गेहूं की खरीद और उठान में तेजी लाने के निर्देश



लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। अतिरिक्त उपायुक्त पूनम सिंह ने मंगलवार को गिल रोड स्थित अनाज मंडी का दौरा कर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं की तुरंत खरीद और सुचारु उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनाज की खरीद में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सरकारी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय कर किसानों की फसल मंडी में पहुंचते ही तुरंत खरीद सुनिश्चित करें। पूनम सिंह ने कहा कि मंडियों में किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को रोजाना मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने और खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध व सरल बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जानकारी दी कि 13 अप्रैल तक जिले की मंडियों में 7,685 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से 3.18 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नमी रहित गेहूं ही मंडियों में लाएं और पराली जलाने से बचें, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। इस मौके पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सरताज सिंह चीमा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

Uturn Time 15 Apr 2026_Layout 2 14-04-2026 23:37 Page 4



# सड़क सुरक्षा को लेकर थाना यातायात सूरजपुर का विशेष अभियान: शिमला-कालका हाईवे के ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी बोर्ड लगाए

## नारायणगढ़-रायपुर रानी-मौली रोड़ पर अवैध कट बंद किए, ऑटो चालकों को किया जागरूक





पंचकूला/यूटर्न/14 अप्रैल। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज थाना यातायात सूरजपुर पंचकूला की टीम ने इंचार्ज पीएसआई अभिषेक के नेतृत्व में व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया।

इस अभियान के तहत शिमला-कालका हाईवे तथा पिंजौर-बद्दी हाईवे पर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट्स, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं विभिन्न ळ-पॉइंट्स पर विशेष रूप से चेतावनी साइन बोर्ड लगाए गए। इन साइन बोर्ड्स के माध्यम से वाहन चालकों को पहले से सतर्क रहने, गति नियंत्रित रखने तथा सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

इसके अतिरिक्त पुलिस टीम द्वारा मौली और रायपुर रानी क्षेत्र में ऑटो चालकों के साथ विशेष संवाद स्थापित कर उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने, ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित रूट पर चलने और यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए नारायणगढ़झ्ररायपुर रानीझ्रमौली रोड पर मौजूद 9 अवैध कटों को बंद कराया गया। ये अवैध कट अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते थे। इनके बंद होने से सड़क पर यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित होने की उम्मीद है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पंचकूला पुलिस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार, अवैध कटों को बंद करना और आम जनता को जागरूक करना बेहद जरूरी है। हम लगातार ऐसे अभियान चलाते रहेंगे और लोगों से भी अपील करते हैं कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन कर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। पंचकूला पुलिस का यह अभियान न केवल दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आम जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी सशक्त प्रयास है।

# मोहाली सी पी 67 में बैसाखी पर फि ल्म जख़्मा तों चड़दी कला तक का पोस्टर रिलीज, फि ल्म की टीम ने मोगा में ओलावृष्टि पीड़ितों की सेवा की







मोहाली/यूटर्न/14 अप्रैल। बैसाखी के पावन अवसर पर पंजाबी फि ल्म जख़्मा तों चड्ढदी कला तक का पोस्टर कीर्तन व अरदास के साथ रिलीज किया गया। इस मौके पर एमी विर्क और रूपिंदरह्यरूपी ह्ल गिल ने फिल्म का फर्स्ट लुक भी जारी किया। यह फिल्म अमरजीत सिंह सराओ द्वारा निर्देशित है, जबकि इसका निर्माण पिंकी धालीवाल ने किया है।

इस मौके पर चड्ढदी कला फिल्म की टीम ने सेवा भावना का परिचय देते हुए मोगा में हाल ही में बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए दसवंध की सेवा भी निभाई। इस सेवा कार्य में अमरप्रीत सिंह ने ग्राउंड स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जरूरतमंद परिवारों तक राहत पहुंचाई।

इस अवसर पर टीम ने कहा कि ऐसे मौकों पर जरूरतमंदों की मदद करने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और दूसरों को भी आगे आकर सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अपील की कि बिना किसी संकोच के हर व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए, ताकि मिलकर समाज को और मजबूत बनाया जा सके।

इस मौके पर एमी विर्क ने भी अपने विचार साझा करते हुए बताया कि उन्होंने पुलवामा अटैक के समय रणजीत बावा द्वारा दी गई मदद से प्रेरणा ली। उन्होंने कहा कि शुरू में उनके खाते में सीमित राशि थी, लेकिन ईश्वर की कृपा से एक-दो दिनों में अपेक्षा से अधिक धनराशि एकत्र हो गई, जिससे वे जरूरतमंदों की सहायता करने के अपने संकल्प को पूरा कर सके।

# खरड़ के निजी अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का पदार्फाश, मालिक डॉक्टर समेत तीन पर मामला दर्ज



अजीत झा

मोहाली/यूटर्न/14 अप्रैल। खरड़ स्थित सुख सेवा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में कथित अवैध किडनी प्रत्यारोपण रैकेट का खुलासा होने से हड़कंप मच गया। प्रशासन के निर्देश पर गठित मेडिकल टीम ने अस्पताल में छापा मारकर दो ऐसे मरीजों को बरामद किया, जिनकी किडनी संदिग्ध परिस्थितियों में प्रत्यारोपित की गई थी। मामले में अस्पताल की मालिक डॉ. मनप्रीत कौर समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जबकि दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन मोहाली की अगुआई में गठित टीम ने रविवार रात करीब 9 बजे अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान आईसीयू में दो मरीज भर्ती मिले, जिनकी किडनी ट्रांसप्लांट हो चुकी थी। हैरानी की बात यह रही कि उस समय वहां कोई डॉक्टर या अधिकृत मेडिकल स्टाफ मौजूद नहीं था। मरीजों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ रेफर किया गया।

मौके पर मौजूद दो व्यक्तियों ने खुद को अस्पताल स्टाफ बताया, लेकिन वे कोई पहचान पत्र नहीं दिखा सके। पूछताछ में उनकी पहचान महेंद्र कुमार मनसुखभाई पटेल निवासी गुजरात और राकेश कुमार निवासी राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार दोनों से पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके बाद संदेह और गहरा गया। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 की धारा 19 और 20 के तहत मामला दर्ज किया है। केस में डॉ. मनप्रीत कौर, महेंद्र कुमार और राकेश कुमार को नामजद किया गया है। एसएचओ सिटी खरड़ ने बताया कि शुरूआती जांच में यह मामला एक संगठित रैकेट से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा कितने मामलों में अवैध प्रत्यारोपण किया गया।

# पंचकूला पुलिस की तत्परता से 17 वर्षीय लापता किशोर फरीदाबाद से सकुशल बरामद, परिवार को सौंपा



पंचकूला/यूटर्न/14 मार्च। पंचकूला पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए लापता हुए 17 वर्षीय किशोर को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना पिंजौर के अंतर्गत पुलिस चौकी अमरावती क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोर राज के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई थी, जो कि परिवार को बिना बताए कहीं चला गया व वापिस घर नहीं आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस चौकी अमरावती की टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।

एएसआई चिरंजी लाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों और सूचनाओं के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। लगातार प्रयासों और सूझबूझ के चलते टीम ने किशोर को फरीदाबाद से ट्रेस कर सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद किशोर को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। अपने बेटे को सकुशल वापस पाकर परिवार के सदस्यों ने पंचकूला पुलिस का आभार व्यक्त किया। पंचकूला पुलिस का यह सराहनीय कार्य न केवल उनकी सतर्कता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि आम जनता में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी मजबूत करता है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 बुधवार, 15 अप्रैल 2026



पेज 12 नीतीश कुमार ने आज बिहार के उटपद से इस्तीफा...

# चंडीगढ़ में मेट्रो पर सियासी बहस तेज, प्रशासन ने जताई लागत की चिंता, सांसद मनीष तिवारी ने किया समर्थन

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। ट्राइसिटी में प्रस्तावित मेट्रो परियोजना को लेकर नई बहस छिड़ गई है। एक ओर चंडीगढ़ प्रशासन ने इसकी भारी लागत और व्यवहारिक चुनौतियों पर सवाल उठाए हैं, वहीं दूसरी ओर सांसद मनीष तिवारी खुलकर मेट्रो परियोजना के समर्थन में उतर आए हैं। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि करीब 12 लाख की आबादी वाले शहर के लिए मेट्रो व्यावहारिक विकल्प नहीं है। उनके अनुसार चंडीगढ़ की संरचना को देखते हुए एलिवेटेड मेट्रो संभव नहीं है और अंडरग्राउंड मेट्रो पर कई गुना अधिक खर्च आएगा। ऐसे में महंगी मेट्रो के बजाय इलेक्ट्रिक बस सेवा को बढ़ावा देना अधिक उपयोगी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर नागरिकों को सस्ती या मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराई जा सकती है। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला और न्यू चंडीगढ़ के लिए प्रस्तावित मास रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमआरटीएस) केवल परिवहन परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक भविष्य से जुड़ा कदम है।





उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ भी मानते हैं कि मेट्रो परियोजना ट्राइसिटी की आर्थिक क्षमता को नई दिशा दे सकती है और इसे मजबूत व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित कर सकती है। तिवारी के अनुसार मेट्रो से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, निवेश बढ़ेगा और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। वहीं प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि फिलहाल मेट्रो परियोजना को मंजूरी मिलने और जमीन पर उतरने में कई वर्ष लग सकते हैं।

इस बीच प्रशासन इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क को तेजी से विस्तार देने में जुटा है। अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत 428 इलेक्ट्रिक बसों की मंजूरी मिल चुकी है। इनमें से कई बसें आ चुकी हैं और आने वाले महीनों में बेड़े में और इजाफा होगा। प्रशासन का दावा है कि वर्ष 2027 तक शहर की सभी सरकारी बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जाएगा, जिससे चंडीगढ़ देश का पहला ऐसा शहर बन सकता है जहां पूरा सरकारी बस बेड़ा इलेक्ट्रिक होगा। उधर, ट्राइसिटी में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए मेट्रो समर्थकों का कहना है कि आने वाले वर्षों में जनसंख्या और वाहनों की संख्या बढ़ने से आधुनिक मास ट्रांजिट सिस्टम की जरूरत और बढ़ जाएगी।

# डॉ. बीआर अंबेडकर की दूरदर्शिता के कारण भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश-रजनीश धीमान

लुधियाना 14 अप्रैल

दिनेश मौदगिल

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में भाजपा लुधियाना ने स्थानीय जालंधर बाई पास में संविधान निमार्ता,भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनिल सरीन, कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी,जीवन गुप्ता,परवीन बंसल,बिक्रम सिंह सिद्धू,राजिंदर खत्री,डाक्टर डी.पी.खोसला, एस.सी मोर्चा के अध्यक्ष अजय पाल,जिला महामंत्री यशपाल जनोत्रा विशेष तौर से समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.अंबेडकर की



प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धीमान ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष तथा संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ.बी.आर अंबेडकर न केवल दलित समुदाय का गौरव हैं, बल्कि पूरे देश का गौरव हैं। वह सभी धर्मो और समुदायों के लिए आदर्श हैं। उनकी दूरदर्शिता के कारण ही भारत आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में पहचाना जाता है। उनके योगदान ने आम नागरिकों को प्रमुख पदों पर पहुंचने और राष्ट्र की सेवा करने के योग्य बनाया है। इस मौके पर पर एस सी मोर्चा लुधियाना द्वारा लंगर का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह मल्ली,यशपाल जनोत्रा,जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा,लक्की चोपड़ा,नवल जैन,पार्षद सुमन वर्मा,राज शर्मा,सौरव कपूर,प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार,सोशल मीडिया सचिव राजन पांधे,संजीव चौधरी,विजय खटक,वरिंदर सहगल,के पी राणा,राजबीर सिंह,कमांडर बलबीर सिंह,मंडलों के अध्यक्ष अमित शर्मा,चिराग अरोड़ा,अशोक राणा व भाजपा के सीनियर कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देहरादून के कार्यक्रम में जनता-जनार्दन के उत्साह और उमंग से अभिभूत हूं: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली/यूटर्न/14 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन पर वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की समीक्षा की, जिसके बाद वह उत्तराखंड के देहरादून रवाना हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस अनुभव को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सहारनपुर में भारी संख्या में आए अपने परिवारजनों के अपार समर्थन और आशीर्वाद ने एक नई ऊर्जा से भर दिया। वहीं, देहरादून के प्रसिद्ध जय मां डाट काली मंदिर में दर्शन और पूजन का सौभाग्य मिला। देवी मां से सभी देशवासियों की सुख-समृद्धि और आरोग्यपूर्ण जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बने वाइल्डलाइफ एलिवेटेड कॉरिडोर को देखने का सुअवसर मिला। इससे वन्यजीवों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होने के साथ ही पर्यटन और व्यापार के लिए भी नए अवसर बनेंगे।

# शहरी स्थानीय निकाय चुनाव: पंचकूला, अंबाला, सोनीपत में 10 मई को वोटिंग



चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने सोमवार को पंचकूला, अंबाला और सोनीपत नगर निगमों के चुनावों की घोषणा कर दी। नगर निगम मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा 30 लाख रुपये तय की गई है, जबकि सदस्य पद के लिए यह सीमा 7.50 लाख रुपये रखी गई है। नामांकन 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

नामांकनों की जांच 27 अप्रैल को होगी, जबकि नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 28 अप्रैल है। इसी दिन चुनाव चिह्न भी आवंटित किए जाएंगे। यदि दोबारा मतदान की आवश्यकता हुई, तो यह 12 मई को कराया जाएगा और परिणाम 13 मई को घोषित किए जाएंगे। मुख्य मुकाबला कांग्रेस और सत्ताधारी पार्टी भाजपा के बीच होने की उम्मीद है। दोनों पार्टियों ने पहले ही अपने-अपने चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में LPG संकट और स्थानीय मुद्दे हावी रहने की संभावना है। पंचकूला में, 150 करोड़ रुपये के कोटक महिंद्रा बैंक घोटाले और 590 करोड़ रुपये के IDFC फर्स्ट बैंक और अव स्मॉल फाइनेंस बैंक घोटाले से जुड़े आरोप भी हावी रहने की संभावना है। इन दोनों घोटालों में पंचकूला नगर निगम का पैसा शामिल है। पंचकूला और अंबाला, दोनों में 20-20 वार्ड हैं, जबकि सोनीपत में 22 वार्ड हैं। पंचकूला और सोनीपत में मेयर के पद अनारक्षित हैं, जबकि अंबाला में मेयर का पद पिछड़े वर्ग (B) की महिला के लिए आरक्षित है। इन नगर निगमों के अलावा, रेवाड़ी नगर परिषद के लिए भी चुनाव होंगे, जहां अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है। रेवाड़ी नगर परिषद में 32 वार्ड हैं। उकलाना (हिसार), धारूहेड़ा (रेवाड़ी) और सांपला (रोहतक) की नगर समितियों के लिए भी चुनाव होंगे; इन सभी में 16-16 वार्ड हैं। सांपला और धारूहेड़ा में अध्यक्ष का पद अनारक्षित है, जबकि उकलाना में यह महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। इन स्थानीय निकायों के क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

## श्री दमदमा साहिब में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक नमन किया - विनू गोयल

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। खालसा पंथ की स्थापना दिवस के पवित्र दिन पर आज लाखों श्रद्धालुओं ने श्री दमदमा साहिब में श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके साथ ही, गुरुओं के आशीर्वाद से सोने की तरह चमकती फसलों की पैदावार ने श्रद्धालुओं की खुशी को और बढ़ा दिया। विभिन्न संगठनों को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ लंगर, औषधि, शिक्षा और जल वितरण करते देखकर मेरा हृदय और भी प्रसन्न हो गया।ये शब्द वीनू गोयल ने कहे, जिन्होंने आज अपने टीम के साथ श्री दमदमा साहिब में नतमस्तक हुए। उन्होंने कहा कि खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोविंद सिंह जी का संदेश आज भी पंजाबियों के बीच साकार हो रहा है। यही कारण है कि संगत आज भी मानवता को ध्यान में रखते हुए सेवा भाव से अपनी सेवाएं दे रही है।



Uturn Time 15 Apr 2026_Layout 2 14-04-2026 23:37 Page 6



# अम्बेडकर जयंती पर ममता डोगरा का बड़ा संदेश: 'हर घर में जले शिक्षा की ज्योत, तभी होगा समाज का उत्थान'

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर वार्ड नंबर 26 डड्डूमाजरा में महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव ममता डोगरा की अगुवाई में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर केक काटकर और मोमबत्ती जलाकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ममता डोगरा का संदेश रहा,



जिसमें उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया। ममता डोगरा ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा को समाज बदलने का सबसे बड़ा हथियार बताया, उसी रास्ते पर चलकर देश को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा ये जो ज्योत हमने जलाई है, यह केवल मोमबत्ती की लौ नहीं है, बल्कि शिक्षा, समानता और अधिकारों की ज्योत है। यह ज्योत हर घर में जलनी चाहिए, तभी समाज में सच्चा बदलाव आएगा। उन्होंने आगे कहा आज जरूरत है कि हम अपने बच्चों को शिक्षित करें, बेटियों को आगे बढ़ाएं और समाज के हर वर्ग को बराबरी का सम्मान दिलाएं। बाबा साहब का सपना तभी पूरा होगा, जब हर व्यक्ति को समान अवसर मिलेगा।

# बाबा साहिब को समर्पित विशाल पैदल मार्च, समाज में एकता का संदेश

## कपूर का संदेश: शिक्षा और समानता से बनेगा सशक्त समाज

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। भारतीय वाल्मीकि आदि धर्म समाज (भावा आदस) की ओर से वीर संदीप दिलोद की अगुवाई में बाबा साहिब डॉ. भीमराव आंबेडकर को समर्पित एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर समाज के लोगों, युवाओं और विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने बाबा साहिब के विचारों—समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय—को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वातावरण जयघोष और जागरूकता संदेशों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फीरँ डंस्त्रङ्क्ष्१ ने कहा, ह्लबाबा साहिब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताए



मार्ग पर चलते हुए शिक्षा और समानता को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण हो सके। इस मौके पर विशेष रूप से जीवन गुप्ता, कुशाग्र कश्यप, रुचि गुलाटी, टीना जी, जोधा राम जख्मी, सोनू कांग, बाबू राम गागट, इशम सिंह भील, कुलविंदर, अर्जुन चंडालिया, विकास सूद, अमन चौधरी, गुर्नेक सिंह, पंकज टांक, सचिन और रवि दिलोद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व नौजवान साथी उपस्थित रहे।

आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने और एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहिब के सिद्धांतों को अपनाने और समाज में भाईचारा बढ़ाने का संकल्प लिया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# नेपाल के युवा नवीन नेतृत्व की तलाश में क्यों थे?

## क्या यह विश्व में परिवर्तन का संकेत है?

नेपाल में बालेन शाह आज 'हर दिल अजीज' बन चुके हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि आज का युवा पुरानी और धीमी सरकारी व्यवस्था से ऊब चुका है। लंबे समय से चली आ रही सुस्त कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचार और समस्याओं के समाधान में देरी ने युवाओं के धैर्य की परीक्षा ली है। अब नई पीढ़ी बदलाव चाहती है-तेज, पारदर्शी और प्रभावी शासन । बालेन शाह जैसे युवा नेता इसी उम्मीद का प्रतीक बनकर उभरे हैं। उन्होंने न केवल अपने काम से यह साबित किया कि बदलाव संभव है, बल्कि यह भी दिखाया कि अगर नेतृत्व ईमानदार और सक्रिय हो, तो शहर और समाज दोनों को नई दिशा दी जा सकती है। युवाओं को उनमें अपनी झलक दिखाई देती है- एक ऐसा प्रतिनिधि जो उनकी समस्याओं को समझता है और उनके समाधान के लिए तत्पर रहता है। आज का युवा केवल वादों से संतुष्ट नहीं होता, वह परिणाम चाहता है। इसलिए वह ऐसे नेताओं को आगे लाना चाहता है जो उनकी भावनाओं, संघर्षों और आकांक्षाओं को समझ सकें। बालेन शाह की लोकप्रियता इसी सोच का परिणाम है, जो आने वाले समय में राजनीति की दिशा बदल सकती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Evidence Act — क्या चीज Evidence बनती है और क्या नहीं?**

कोर्ट में हर बात Evidence नहीं मानी जाती। भारतीय साक्ष्य अधिनियम (Evidence Act) के अनुसार, केवल वही चीजें स्वीकार की जाती हैं जो कानूनी रूप से प्रमाणित हो सकें।

Evidence मुख्यत: दो प्रकार का होता है—Oral (मौखिक) और Documentary (दस्तावेजी)। इसके अलावा electronic evidence—जैसे WhatsApp chats, emails, recordings—भी आजकल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लेकिन यह जरूरी नहीं कि हर WhatsApp message या audio recording अपने आप evidence बन जाए। उसे सही तरीके से प्रस्तुत करना और उसकी authenticity साबित करना जरूरी होता है।

उदाहरण के तौर पर, electronic evidence के लिए प्रमाणित प्रक्रिया (जैसे certificate) का पालन करना होता है, तभी वह अदालत में मान्य होता है।

कई लोग बिना proper proof के documents या messages कोर्ट में दे देते हैं, जो बाद में admissible नहीं माने जाते।

निष्कर्ष : हर जानकारी evidence नहीं होती। केवल वही चीज अदालत में मान्य होती है, जो कानून के अनुसार सही तरीके से प्रस्तुत और प्रमाणित की गई हो।

# फायर स्टेशन प्रोजेक्ट में गड़बड़ी: जमीन तय किए बिना जारी हुआ टेंडर, सवालों में घिरा सिस्टम

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। 1.81 करोड़ की लागत से बनने वाले फायर स्टेशन प्रोजेक्ट में बड़ी अनियमितता सामने आई है। जानकारी के अनुसार, संबंधित विभाग ने फायर स्टेशन के निर्माण के लिए




टेंडर तो जारी कर दिया, लेकिन जिस जमीन पर यह प्रोजेक्ट बनना है, उसे अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इस लापरवाही ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना साइट फाइनल किए टेंडर जारी करना न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि इससे प्रोजेक्ट में अनावश्यक देरी और लागत बढ़ने की आशंका भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी इस मामले को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि शहर में फायर स्टेशन जैसी जरूरी सुविधा के लिए पहले से ही संसाधनों की कमी है, ऐसे में इस तरह की लापरवाही लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही जमीन से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। हालांकि, इस घटनाक्रम ने नगर निगम की कार्यशैली और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# थाने के अंदर तलवार से हमला: सरपंच के बेटे पर जानलेवा वार, दो आरोपी गिरफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां थाने के अंदर ही सरपंच के बेटे पर तलवार से हमला कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस महकमे की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक किसी काम से थाने में मौजूद था, तभी दो हमलावर वहां पहुंचे और अचानक उस पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।




घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। वहीं, इस घटना ने थानों के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# कुछ स्वयंभू नेता ही कर रहे हौजरी व्यापारियों का नुकसान - हर्ष शर्मा

- न सुधरे तो व्यापार संघ दो-दो हाथ करने को तैयार
- विभागीय अफसर भी ऐसे दलालो से करे परहेज



लुधियाना व्यापार संघ की एक विशेष बैठक संघ के प्रधान एडवोकेट हर्ष शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होजरी व्यापारियों को आ रही स्मस्याओ को लेकर विचार विमर्श किया गया । बैठक में होजरी व्यवसाइयो ने जी. एस.टी विभाग द्वारा तंग - परेशान करने का मुद्दा भी उठाया गया। प्रधान हर्ष शर्मा और चेयरमैन महेश शर्मा ने कहा की व्यापारियों की परेशानी केवल सरकारी विभाग नहीं है बल्कि शहर में कुछ ऐसे स्वंयभू व्यापारी नेता है जो व्यापारियों के लिए घातक साबित हो रहे हैं । ये तथाकथित नेता व्यापारियों को सरकारी अफसरो का डर दिखाकर उनपर हुक्म चलाते हैं और ना मानने की स्थिति में उन व्यापारियों की विभिन्न विभागों में शिकायते करके उन्हें परेशान करते है । हर्ष शर्मा ने कहा की इस सारे गोरखधंधे में जी.एस.टी विभाग के कुछ अफसरो की भी मिलीभगत है । हर्ष शर्मा ने कहा की जल्दी ही विभाग के उच्च अफसरो से मिलकर इस सारे ठगबन्धन को उजागर किया जाएगा । हर्ष शर्मा और महेश शर्मा ने ऐसे स्वयभू व्यापारी नेताओ को चेतावनी भरे लहजे में कहा की वो इस तरह की हरकतो से बाज आ जाएँ अन्यथा व्यापार संघ के बैनर तले आम व्यापारी उनसे दो-दो हाथ करने के लिए पूरी तरह तैयार है । इस अवसर पर व्यापारी नेता संजीव चौधरी, यशु भनोट, पंकज गोयल, चंदन गुप्ता, प्रमोद कुमार और रवि चौरसिया इत्यादि उपस्थित थे ।

# इंडस अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप

डेराबस्सी/यूटर्न/14 अप्रैल। डेराबस्सी स्थित इंडस अस्पताल में इलाज के दौरान 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक शर्मा के रूप में हुई है, जो अपने पीछे चार साल का मासूम बच्चा छोड़ गया है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता लोकिंदर शर्मा, निवासी इको ग्रीन वन (जीबीपी), डेराबस्सी ने पुलिस को दिए बयान में



बताया कि उनके बेटे को 4 अप्रैल को दिल के वाल्व के ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 6 अप्रैल को ऑपरेशन के तुरंत बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। बाद में डॉक्टरों ने दिमाग में खून का थक्का जमने की बात कही, जिसके चलते 9 अप्रैल को उसका दूसरा ऑपरेशन किया गया। परिजनों का आरोप है कि पहले ऑपरेशन के बाद से ही दीपक को होश नहीं आया और 13 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। उन्होंने इलाज में भारी लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी समीत मोर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के तहत केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि मौत के कारणों की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग और सिविल सर्जन को सूचित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को विशेषज्ञ डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा वीडियोग्राफी की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मौत डॉक्टरों की लापरवाही से हुई है या किसी अन्य शारीरिक कारण से। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा ने औद्योगिक प्लॉट आवंटन मामले में भूपिंदर हुड्डा पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। हरियाणा सरकार ने पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र में 14 औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन से जुड़े उइक मामले में कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ये आवंटन 2013 में किए गए थे, जब हुड्डा मुख्यमंत्री के पद पर थे। उइकने फरवरी में हरियाणा सरकार से इसके लिए अनुरोध किया था, जबकि इस मामले में FIR 2016 में दर्ज की गई थी। हुड्डा के साथ-साथ, राज्य सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HUDA) के अधिकारियों पर भी मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, जिनमें पूर्व मुख्य वित्त नियंत्रक रउ कंसल और पूर्व उप अधीक्षक BB तनेजा शामिल हैं।

HUDA के मुख्य प्रशासक के मामले में, सक्षम प्राधिकारी कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) है। हालांकि, सूत्रों ने पुष्टि की है कि मुख्य सचिव के माध्यम से भेजा गया अनुरोध पहले ही भेजा जा चुका है। मंजूरी मिलने के बाद, CBI हुड्डा, पूर्व सरकारी अधिकारियों और आवंटियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (एड्ड) ने 2021 में ही हुड्डा, अधिकारियों और आवंटियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

## औद्योगिक प्लॉट आवंटन मामले में एऊका केस

पंचकूला औद्योगिक प्लॉट आवंटन मामले



में एऊकी अभियोजन शिकायत में हुड्डा को ₹मुख्य साज़िशकर्ता₹ के रूप में नामित किया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने ₹अवैध आवंटन₹ की ₹वास्तव में योजना बनाई₹ और चुने हुए आवंटियों को लाभ पहुंचाने के लिए पात्रता मानदंडों में बदलाव किया।

आरोपी आवंटियों को हुड्डा से जोड़ते हुए, एऊने कहा कि रेनू हुड्डा और नंदिता हुड्डा उनके पैतृक गांव सांघी की रहने वाली थीं; कंवर प्रीत सिंह संधू उनके स्कूली साथी उऌसंधू के बेटे थे; मोना बेरी उनके डरऊब्बलदेव राज बेरी की बहू थीं; डॉ. गणेश दत्त रतन उनके साथ टेनिस खेलते थे; और प्रदीप कुमार उनके निजी सचिव सिंह राम के बेटे थे। एऊने आगे दावा किया कि आवंटी अशोक वर्मा के ससुर, अशोक काका, कांग्रेस शासन के दौरान ल्ल्अञ्ऋऊके अध्यक्ष थे और हुड्डा के परिचित थे। अमन गुप्ता के पिता, रमेश गुप्ता, थानेसर के पूर्व विधायक थे और हुड्डा से अच्छी तरह परिचित थे। लेफ्टिनेंट कर्नल ढढ दहिया (रिटायर्ड) का संबंध कांग्रेस के पूर्व विधायक करण दलाल से है। डागर कात्याल के पिता, सुनील कात्याल, हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन में कमिश्नर के पद पर रह चुके थे और हुड्डा उन्हें जानते थे। मनजोत कौर, जस्टिस टर सुल्लर (रिटायर्ड) की बहू हैं, जिन्हें हुड्डा भी जानते थे। सिद्धार्थ भारद्वाज के पिता, संजीव भारद्वाज, 2004 में ल्लढउउ के सचिव थे; उन्होंने 2005 में पार्टी छोड़ दी थी और 2016 में फिर से पार्टी में शामिल हो गए थे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा 2008 के भिवानी औद्योगिक प्लॉट मामले में हुए आवंटनों को रद्द किए जाने के बाद, सचिवों की एक समिति ने चयन के लिए कुछ मानदंड तय किए। एऊने आरोप लगाया कि हुड्डा ने, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (ल्लवउ्रू) के चेयरमैन के तौर पर, 'अनुभव' और 'योग्यता' के मानदंडों को हटा दिया; 'वित्तीय क्षमता' के लिए निर्धारित अंकों को 25 से घटाकर 10 कर दिया; और 'मौखिक परीक्षा' (viva voce) के अंकों को 15 से बढ़ाकर 25 कर दिया।

एजेंसी ने दावा किया कि हुड्डा ने औद्योगिक प्लॉटों के विज्ञापन जारी होने और सभी आवेदन ल्लवउ्र कार्यालय को प्राप्त हो जाने के बाद ही अंतिम मानदंडों को मंजूरी दी। उन्होंने 24 जनवरी, 2012 को इन मानदंडों को मंजूरी दी, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी, 2012 थी।

# कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने बैसाखी के मौके पर तख्त श्री दमदमा साहिब में माथा टेका

**श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ नया कानून जल्द ही लागू होगा**

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/14 मार्च। आज बैसाखी के पावन मौके पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुडियां ने तख्त श्री दमदमा साहिब में माथा टेका और भगवान से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उन्होंने सभी की भलाई के लिए प्रार्थना की और पंजाब की खुशहाली के लिए भगवान का शुक्रिया अदा किया। कैबिनेट मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुडियां ने पंजाब के लोगों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह दिन सिख समुदाय के गौरव, बहादुरी और अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बैसाखी हमें हमेशा अन्याय और जुल्म के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती है और अपने उसूलों पर अडिग रहना सिखाती है।



उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार लोगों की भलाई और इंसाफ पक्का करने के लिए पूरी तरह तैयार है और राज्य में शांति, भाईचारा और भाईचारे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने सभी से अपील की कि बैसाखी के इस पवित्र दिन पर आपसी एकता को और मजबूत करें और समाज में प्यार और भाईचारे का संदेश फैलाएं। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने इस बारे में एक नया कानून तैयार किया है, जिसे मंजूरी के लिए गवर्नर के पास भेजा गया है और उम्मीद है कि इसे जल्द ही पास करके लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने गेहूं की खरीद और मैनेजमेंट के लिए पूरे इंतजाम किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि मंडियों में पूरे इंतजाम किए गए हैं और समय पर पेमेंट पक्का करने के लिए खास निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत न हो। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने बाबा बलबीर सिंह (96 करोड़) से भी मुलाकात की। मीटिंग के दौरान उन्होंने धार्मिक और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की और समाज में एकता, भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया।

Uturn Time 15 Apr 2026_Layout 2 14-04-2026 23:37 Page 8



# कांग्रेस भवन में डॉ. अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि, संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सोमवार को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस भवन में एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने बाबासाहेब को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश के हर नागरिक को समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत नींव प्रदान की। उनका जीवन सामाजिक न्याय, समावेशिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणादायक मिसाल है।

उन्होंने कहा आज के समय में बाबासाहेब के विचारों और उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि समाज में समानता, भाईचारा और लोकतंत्र को और मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पार्षदगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा से ओतप्रोत रहा। उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान और संविधान निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को याद किया।

# आप कार्यालय सेक्टर-39 में डॉ. अंबेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम, सामाजिक समानता का लिया संकल्प





चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को सेक्टर-39 स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और सामाजिक न्याय के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान बाबा साहेब के मूल मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए उनके विचार आज भी मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जसवीर सिंह गढ़ी ने शिरकत की। उनकी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक भेदभाव मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि न्यायपूर्ण और समान अवसरों वाला समाज बनाना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# मनीमाजरा में जन समस्याओं पर बड़ी बैठक, समाधान का दिया गया भरोसा



चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। मनीमाजरा क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक समाजसेवी ङ४'६ल्ल३ खॅ की ओर से आयोजित की गई, जिसमें वार्ड नंबर 5 और वार्ड नंबर 6 से बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में लोगों को आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाना रहा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं सामने रखीं। कुलवंत जग्गा ने कहा कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना गया है और जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर इनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों की आवाज प्रशासन तक पहुंचाई जाएगी और हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

बैठक के दौरान अमनदीप सिंह रिक्की ने माड़ीवाला टाउन की अंदरूनी सड़कों की खराब हालत का मुद्दा उठाया।

उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर गड्ढे बन चुके हैं, जिन्हें जल्द ठीक कराने की जरूरत है। वहीं पवनदीप सिंह सनी ने क्षेत्र में पानी के कम प्रेशर की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा कई निवासियों ने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की मांग की।

बैठक में यह भी तय किया गया कि यदि समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हुआ तो सभी लोग मिलकर आगे की रणनीति बनाएंगे और जरूरत पड़ने पर संघर्ष का रास्ता भी अपनाएंगे। इस अवसर पर अमीर चंद मिठू , हरमीन्दर सिंह , जसपाल सिंह कश्मीरी , गुरनाम सिंह , प्यार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# बापूधाम कॉलोनी में डॉ. अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई, 300 लोगों के लिए लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर





चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। सेक्टर-26 स्थित बापूधाम कॉलोनी में सोमवार को भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर युवा सत्ता रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर समिति, स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी तथा त्रिनिटी हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। बापूधाम कॉलोनी स्थित श्री शीतला माता मंदिर में लगाए गए शिविर में करीब 300 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। इसके बाद केक काटकर बाबा साहेब की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेक्टर-26 थाना प्रभारी रामरतन शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को संविधान निमार्ता, महान समाज सुधारक और न्याय का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को मजबूत और समृद्ध बनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर कमला कौशल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं निकिता चंदेल के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने लोगों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी और परामर्श दिया। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार , प्रमोद शर्मा , कृष्ण लाल , जय प्रकाश , मोहम्मद यूनुस , मोहम्मद इसताक , अनुज सबरवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग और प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अंबेडकर जयंती पर संजीव खन्ना ने दी श्रद्धांजलि



जीरकपुर/यूटर्न/14 अप्रैल। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर डेराबस्सी में भाजपा नेता एवं प्रदेश सचिव संजीव खन्ना ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उन्हें महान विचारक और राष्ट्र निमार्ता बताया। संजीव खन्ना ने कहा कि डॉ. अंबेडकर एक महान न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन एक समतावादी और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए समर्पित किया। समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों के उत्थान में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने न केवल सामाजिक असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाई। महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया।

Uturn Time 15 Apr 2026_Layout 2 14-04-2026 23:37 Page 9



# सफाई के लिए तोड़ा गया नाला बना मुसीबत, वार्ड-19 में दुकानों व मंदिर में घुसा गंदा पानी

## भाजपा नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू की चेतावनी–दो दिन में हल नहीं हुआ तो करेंगे विरोध प्रदर्शन





डेराबस्सी/यूटर्न/14 अप्रैल। डेराबस्सी के वार्ड नंबर 19 में नाले की सफाई के लिए की गई तोड़फोड़ अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर कौंसिल डेराबस्सी की ओर से करीब 10 दिन पहले नाले को साफ करने के उद्देश्य से तोड़ा गया था, लेकिन इसके बाद से काम अधूरा छोड़ दिया गया। नतीजतन नाले का गंदा पानी अब दुकानों और मंदिर में घुस रहा है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि गंदगी और बदबू के कारण इलाके में रहना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं धार्मिक स्थल में गंदा पानी पहुंचने से लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं और वे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

मामले की सूचना मिलने पर भाजपा नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने नगर कौंसिल अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो नगर कौंसिल के खिलाफ करेंगे रोष प्रदर्शन। उन्होंने कहा कि नगर कौंसिल के अधिकारी, प्रधान और क्षेत्र के विधायक रोजाना इसी सड़क से गुजरते हैं, इसके बावजूद समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। संधू ने आरोप लगाया कि यह आम आदमी पार्टी के विकास मॉडल की सच्चाई है, जिससे आम लोग परेशान हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि रोजाना इस रास्ते से गुजरते हैं, तो उन्हें यह समस्या क्यों दिखाई नहीं दे रही। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान और वार्ड के कई निवासी मौजूद रहे, जिनमें संजय कुमार, राजकुमार, रजनी रानी, राम किसन, महिलाल, रजत और रमेश कुमार शामिल हैं। अन्य स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

# ओल्ड अंबाला रोड पर भीषण सड़क हादसा, टेंपो पलटा





जीरकपुर/यूटर्न/14 अप्रैल। ओल्ड अंबाला रोड पर मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे हुए भीषण सड़क हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टेंपो दो बार पलटकर सड़क किनारे जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सभी एयरबैग खुल गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। टेंपो के पलटने से कई यात्री उसमें फंस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने तुरंत रेस्क्यू कर बाहर निकाला।

हादसे में टेंपो चालक समेत कई यात्री घायल हो गए। घायलों की पहचान शंकर (60), तरसेम (50), वामिक (7), समीक्षा (16), मालती देवी (58) और पूजा (26) के रूप में हुई है। टेंपो चालक के माथे पर गंभीर चोट आई, जिसके चलते उसे तीन टांके लगाने पड़े। सभी घायलों को पहले सिविल अस्पताल ढकोली ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल, चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कार चालक अरमान, निवासी एमएस एन्क्लेव ढकोली, पेशे से स्विमिंग कोच है और डेराबस्सी की ओर जा रहा था। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाह ओवरटेकिंग को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष देखा गया। लोगों का कहना है कि इस रोड पर तेज रफ्तार और खतरनाक ड्राइविंग आम हो चुकी है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# तार चोर गैंग का आतंक, 22 दिन में 9 ट्यूबवेल निशाना

## सीसीटीवी में कैद वारदात, 50 हजार आबादी पानी को तरसी

जीरकपुर/यूटर्न/14 अप्रैल। शहर में इन दिनों तार चोर गैंग का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। महज 22 दिनों के भीतर 9 ट्यूबवेलों के तार चोरी होने से हालात बेकाबू होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला ढकोली के वार्ड नंबर-14 का है, जहां शुक्रवार देर रात कई स्थानों से ट्यूबवेल के तार काटकर चोर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा एन्कलेव के तीन और हरमिलाप नगर, सैनी विहार फेज-2 तथा सैनिक विहार फेज-4 के एक-एक ट्यूबवेल को निशाना बनाया गया। चोरों ने रात के समय तार काटकर लाखों का सामान चोरी कर लिया। हैरानी की बात यह है कि कृष्णा एन्कलेव ढकोली में पूरी वारदात गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि तीन युवक एक्टिवा पर सवार होकर आराम से तारों के



बंडल लेकर फरार हो रहे हैं। इससे साफ है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें कानून का कोई डर नहीं है।

इस चोरी का सीधा असर आम लोगों पर पड़ा है। करीब 40 से 50 हजार की आबादी दिनभर पानी के लिए तरसती रही। घरों में नहाने और खाना बनाने तक के लिए पानी की किल्लत हो गई, जिससे लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि इससे पहले दयालपुरा, सैनी विहार फेज-3, वार्ड नंबर-13, सैनी विहार फेज-2 और सैनी विहार फेज-4 में भी ट्यूबवेलों के लाखों रुपये के तार चोरी हो चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार यह घटना सुबह करीब चार बजे हुई। घटना का पता चलते ही इलाके में पानी को लेकर हाहाकार मच गया। वहीं, ठेकेदार कुलदीप ने बताया कि मामले की सूचना नगर परिषद अधिकारियों को दे दी गई है और जल्द ही चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा।

# मणिपुर: नशीले पदार्थों की जब्ती अभियान के बाद हिंसा, 18 घायल

इंफाल/यूटर्न/13 अप्रैल। मंगलवार को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में पांच महिलाएं समेत 18 लोग घायल हो गए। इस दौरान भीड़ ने सुरक्षा बलों के दो वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इंफाल हवाई अड्डे पर मादक पदार्थों के एक संदिग्ध तस्कर से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए जाने के बाद भीड़ की हिंसा भड़क उठी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर इंफाल के बीर टिकेंद्रजीत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और हवाई अड्डा पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान के परिणामस्वरूप, नशीले पदार्थों की तस्करी के एक संदिग्ध आरोपी मोहम्मद साबिर अहमद को गिरफ्तार किया गया, जो बिष्णुपुर जिले के मोइरांग उप-मंडल का निवासी है। अहमद के चेक-इन बैगेज की गहन जांच के बाद, लगभग 6.74 किलोग्राम (कंटेनर के वजन सहित) संदिग्ध ह्यब्राउन शुगरह्न बरामद की गई, जिसे जब्त कर लिया गया। यह ब्राउन शुगर छह कंटेनरों के अंदर छिपाकर रखी गई थी। आरोपी को जब्त किए गए प्रतिबंधित सामान के साथ सिंगजामेई पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है, जहां आगे की जांच के लिए एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

# लालड़ू अनाज मंडी में फसल उठान की समस्या सुलझी, किसान यूनियन लखोवाल, आढ़तियों और प्रशासन के बीच बनी सहमति

लालड़ू/यूटर्न/13 अप्रैल। नई अनाज मंडी लालड़ू में मंगलवार को किसानों की फसल उठान में आ रही रुकावट को लेकर किसान यूनियन लखोवाल ने आढ़तियों और सरकारी अमले के साथ बैठक कर समाधान निकाल लिया। बैठक के दौरान मौके पर ही समस्या का हल किया गया, जिसके बाद फसल की उठान तुरंत शुरू करवा दी गई।



किसानों ने बताया कि पिछले कुछ समय से मंडी में फसल की खरीद और उठान में देरी हो रही थी, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किसान यूनियन लखोवाल के नेताओं ने संबंधित आढ़तियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत की।

बैठक में सहमति बनने के बाद आढ़तियों ने भरोसा दिलाया कि आगे से फसल उठान में किसी भी तरह की रुकावट नहीं आने दी जाएगी और किसानों को समय पर सुविधा दी जाएगी। मौके पर ही व्यवस्था सुचारू कर दी गई, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। इस दौरान यूनियन के सूबा मीत प्रधान मनप्रीत सिंह अमलाला, जनरल सेक्रेटरी जगतार सिंह झरमड़ी, ब्लॉक डेराबस्सी प्रधान रणजीत सिंह राणा, पाल सिंह दप्पर, दरबारा सिंह हसनपुर, गुलाब सिंह बैरमाजरा समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

Uturn Time 15 Apr 2026_Layout 2 14-04-2026 23:37 Page 10



# क्रिकेट टिकट बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी, केस दर्ज

## लालच देकर खातों से पैसे ट्रांसफर करवाता था आरोपी, जल्द गिरफ्तारी की तैयारी




जीरकपुर/यूटर्न/14 अप्रैल। शहर में ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां क्रिकेट मैच की टिकट बुकिंग के नाम पर लोगों को ठगने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, थाना जीरकपुर के एएसआई हरविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम हाई ग्राउंड रोड क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रही थी। इसी दौरान टीम गोपाल स्वीट्स के पास मौजूद थी, तभी एक मुखबिर ने सूचना दी कि सतीश वालिया उर्फ हैप्पी, निवासी ड्रीम हाउस एसबीपी, नाभा रोड जीरकपुर, लोगों को मोटी कमाई का झांसा देकर अपने घर बुलाता है। आरोपी लोगों को क्रिकेट मैच की ऑनलाइन टिकट बुकिंग का लालच देता और फिर उनके खातों से पैसे ट्रांसफर करवा लेता था। मुखबिर के अनुसार, आरोपी के पास कई मोबाइल फोन हैं, जिनके जरिए वह अलग-अलग लोगों को निशाना बनाता था।

सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की गतिविधियां गबन से संबंधित धाराओं और भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत अपराध की श्रेणी में आती हैं।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके नेटवर्क और ठगी से जुड़े अन्य लोगों का भी खुलासा किया जाएगा।

# मनीमाजरा में वेतन न मिलने से मेंटेनेंस कर्मचारी परेशान, दो महीने की सैलरी लंबित



चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। मनीमाजरा स्थित सब डिवीजन-22, मौलीजागरां के मेंटेनेंस कर्मचारी पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि 14 अप्रैल तक भी उन्हें फरवरी और मार्च माह का वेतन जारी नहीं किया गया है। कर्मचारियों के अनुसार उनका पूरा परिवार इसी वेतन पर निर्भर करता है, लेकिन लगातार हो रही देरी के कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। कई कर्मचारियों की बैंक किस्तें बाउंस हो चुकी हैं, मकान मालिक किराए के लिए दबाव बना रहे हैं और राशन तक की समस्या खड़ी हो गई है।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले कई महीनों से वेतन समय पर नहीं मिल रहा और देरी आम बात बन चुकी है, जबकि प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार हर महीने की 7 तारीख तक सैलरी जारी हो जानी चाहिए। इस मामले में कांग्रेस जिला महासचिव पवनदीप सिंह सनी ने कहा कि उन्हें कर्मचारियों के लगातार फोन आ रहे हैं और वे अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि कर्मचारियों का लंबित वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए। कर्मचारियों ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी समस्या का तुरंत समाधान किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और उनका पारिवारिक जीवन सामान्य हो सके।

# वृंदावन नाव हादसा: जान तो बची पर सिस्टम ने मार डाला

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/अप्रैल। वृंदावन के यमुना नदी में हुए नाव हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत के जख्म अभी भरे भी नहीं थे कि अब जीवित बचे पीड़ितों की दुर्दशा ने सरकार और प्रशासन की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जगरांव के शास्त्री नगर की रहने वाली रेखा जैन इस हादसे में चमत्कारिक रूप से बच तो गई, लेकिन अब वे मौत और जिंदगी के बीच जंग लड़ रही हैं। विडंबना देखिए कि जिन नेताओं ने इलाज के बड़े-बड़े दावे किए थे, उनकी चुप्पी अब 'मगरमच्छ के आंसू' साबित हो रही है।

### कोमा में पीड़िता: PGI में नहीं मिला इलाज, अब निजी अस्पताल का सहारा

हादसे के बाद रेखा जैन को रेस्क्यू कर मथुरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें PGI चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। रेखा के बेटे ने सोशल मीडिया पर दर्द साझा करते हुए बताया कि PGI में उनकी मां को सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। मजबूर होकर परिवार को उन्हें लुधियाना के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ा।

### बड़ा सवाल: मथुरा से 150 डव्ट दूर 'अक्क्टर दिल्ली' क्यों नहीं भेजा?

सोशल मीडिया पर लोग प्रशासन के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। चर्चा है कि जब रेखा की हालत नाजुक थी, तो उन्हें मथुरा से 400 किलोमीटर दूर चंडीगढ़ क्यों भेजा गया? जबकि केवल 150-200 किलोमीटर की दूरी पर दिल्ली का AIIMS था, जहाँ विश्व स्तरीय सुविधाएं मौजूद हैं। क्या यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं है? सरकार की चुप्पी से नाराजगी मुख्यमंत्री के दावों की हवा निकल गई है। परिजनों का आरोप है कि :
विधायक ने सांत्वना के दो शब्द तक नहीं कहे।
किसी अधिकारी की ड्यूटी नहीं लगाई गई।
न ही डॉक्टरों से इलाज के फीडबैक के लिए कोई फोन किया गया। ॠऐसे समय में जब मरीज को दुआओं और परिवार को साथ की जरूरत है, तब सरकार सो रही है। हम जगरांव वासी परिवार के साथ खड़े हैं।
विशाल शर्मा (प्रधान, कर भला हो भला संस्था) व गोपी शर्मा समाजसेवी।

हादसों के बाद मुआवजे और मुफ्त इलाज के ऐलान करना आसान है, लेकिन धरातल पर एक पीड़ित परिवार को सिस्टम की 'खज्जल-खुवारी' (धक्के) से बचाना ही असली सेवा है। क्या सरकार अब भी जागेगी?

# शहर में ग्रीन प्रोजेक्ट्स पर जोर: पार्क, सड़क और लाइटिंग कार्यों में तेजी के निर्देश



लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। शहर के विकास और पर्यावरण सुधार को लेकर नगर निगम ने ग्रीन प्रोजेक्ट्स पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम की बैठक में पार्कों के विकास, सड़कों के सौंदर्यीकरण और स्ट्रीट लाइटिंग से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि सभी प्रोजेक्ट्स तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

पार्कों में हरियाली बढ़ाने, ओपन जिम और बैठने की सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, सड़कों के किनारे पौधारोपण और साफ-सफाई व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। स्ट्रीट लाइटिंग के तहत पुराने लाइट सिस्टम को बदलकर एलईडी लाइटें लगाने का काम तेज किया जा रहा है, जिससे ऊर्जा की बचत के साथ सुरक्षा भी बढ़ेगी। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने से शहर का पर्यावरण

# फायर सर्विसेज डे पर शहीदों को श्रद्धांजलि, मेयर सौरभ जोशी ने वीर परिवारों को किया सम्मानित





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। नगर निगम चंडीगढ़ ने मंगलवार को सेक्टर-17 स्थित फायर स्टेशन में फायर सर्विसेज डे श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर फायर ब्रिगेड कर्मियों के साहस, समर्पण और बलिदान को नमन करते हुए नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन कर्मियों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में मेयर सौरभ जोशी, डिप्टी मेयर सुमन देवी, कमिश्नर अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार और जॉइंट कमिश्नर-कम-चीफ फायर ऑफिसर इंदरजीत ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे फायर सर्विस वीक की थीम 'Safe स्कूल, सेफ हॉस्पिटल एवं फायर सेफ्टी अवेयर सोसाइटी - टुगेदर फॉर फायर प्रवेशन' रखी गई है। मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जागरूकता अभियानों में भाग लें, सुरक्षित विद्युत उपयोग अपनाएं और फायर एक्सटिंग्विशर चलाने की जानकारी रखें। मेयर ने बताया कि स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक अग्नि सुरक्षा अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें इवैक्यूएशन ड्रिल, प्रशिक्षण शिविर और आपदा तैयारी संबंधी जागरूकता कार्यक्रम शामिल होंगे।

# जीरकपुर के होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, 7 युवतियां रेस्क्यू, 4 गिरफ्तार

## पटियाला हाईवे स्थित होटल में आधी रात छापा, पहले भी सामने आ चुके हैं मामले







जीरकपुर/यूटर्न/14 अप्रैल। शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीरकपुर पुलिस ने एक बड़े देह व्यापार रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पटियाला हाईवे स्थित एके ग्रैंड होटल में देर रात छापेमारी कर 7 युवतियों को रेस्क्यू किया, जबकि इस धंधे को संचालित करने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल की आड़ में अवैध देह व्यापार चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर जीरकपुर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान एएसपी गजलप्रीत कौर भी मौके पर मौजूद रहीं और कार्रवाई की निगरानी की। छापेमारी के दौरान होटल से 7 युवतियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इनमें से अधिकांश युवतियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं। पुलिस ने मौके से होटल स्टाफ और संचालकों से पूछताछ के बाद 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक तस्करी (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 111 और 112 भी जोड़े जाने की संभावना जताई जा रही है।

### पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि संबंधित होटल का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी होटल के खिलाफ दो बार केस दर्ज किए जा चुके हैं, जिससे इसकी गतिविधियां पहले से ही संदेह के घेरे में थीं।

### नेटवर्क की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में लगी है। यह पता लगाया जा रहा है कि युवतियों को यहां कौन लेकर आया और इस रैकेट के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में होटल और स्पा सेंटरों की आड़ में चल रही अवैध गतिविधियों पर अब और सख्ती से निगरानी रखी जाएगी।

# पार्क व्यू होम्स सोसाइटी में भाजपा का कुनबा बढ़ा, कई परिवार हुए शामिल

## मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू की अगुआई में जॉइनिंग कार्यक्रम आयोजित



जीरकपुर/यूटर्न/14 अप्रैल। हल्का डेराबस्सी के जीरकपुर स्थित पार्क व्यू होम्स सोसाइटी, मिल्टन टावर में भारतीय जनता पार्टी का विस्तार करते हुए एक जॉइनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू की अगुआई में तथा स. परमोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर कई लोगों ने पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। इनमें दिव्या गुप्ता, राखी, विशाल, उमा, तेज कृष्ण, सुमित भूटानी, सुसान तबोस, लक्ष्मी नारायण, सनूरी, पूनम कपूर, नछत्तर सिंह, पार्टीक गुप्ता और शामी कपूर सहित अन्य साथियों ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा। कार्यक्रम के दौरान संदीप पृथी ने मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू का स्वागत किया। यह जॉइनिंग कार्यक्रम पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ट के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। इस मौके पर मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू और मंडल अध्यक्ष राशि इयर ने सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि भाजपा की जनहितकारी नीतियों से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन और अधिक मजबूत हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए शामिल हुए सदस्य पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# बैसाखी के पावन अवसर पर स्वर्ण मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़




चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। मंगलवार को पंजाब और हरियाणा भर के गुरुद्वारों में सैकड़ों श्रद्धालु बैसाखी मनाने के लिए उमड़ पड़े। बैसाखी सबसे बड़े त्योहारों में से एक है, जो दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ (सिख संप्रदाय) की स्थापना के दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह फसल कटाई के मौसम की शुरूआत का भी प्रतीक है। अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर, जो सिख धर्म के सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक है, को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया था, और बड़ी संख्या में श्रद्धालु सूर्योदय से पहले ही प्रार्थना करने के लिए वहां पहुंचे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), जो पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के गुरुद्वारों का प्रबंधन करती है, ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए टास्क फोर्स के कर्मचारियों को तैनात किया है। पवित्र शहर आनंदपुर साहिब में स्थित तख्त केसगढ़ साहिब में भी श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा, जहां 1699 में खालसा पंथ की स्थापना हुई थी।

# लालड़ू अनाज मंडी में फसल उठान की समस्या सुलझी



लालड़ू/यूटर्न/14 अप्रैल। नई अनाज मंडी लालड़ू में मंगलवार को किसानों की फसल उठान में आ रही रुकावट को लेकर किसान यूनियन लखोवाल ने आढ़तियों और सरकारी अमले के साथ बैठक कर समाधान निकाल लिया। बैठक के दौरान मौके पर ही समस्या का हल किया गया, जिसके बाद फसल की उठान तुरंत शुरू करवा दी गई। किसानों ने बताया कि पिछले कुछ समय से मंडी में फसल की खरीद और उठान में देरी हो रही थी, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किसान यूनियन लखोवाल के नेताओं ने संबंधित आढ़तियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत की। बैठक में सहमति बनने के बाद आढ़तियों ने भरोसा दिलाया कि आगे से फसल उठान में किसी भी तरह की रुकावट नहीं आने दी जाएगी और किसानों को समय पर सुविधा दी जाएगी। मौके पर ही व्यवस्था सुचारू कर दी गई, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। इस दौरान यूनियन के सूबा मीत प्रधान मनप्रीत सिंह अमलाला, जनरल सेक्रेटरी जगतार सिंह झरमड़ी, ब्लॉक डेराबस्सी प्रधान रणजीत सिंह राणा, पाल सिंह दप्पर, दरबारा सिंह हसनपुर, गुलाब सिंह बैरमाजरा समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।




# परफेक्ट फिगर की चर्चा या सोशल मीडिया का भ्रम ? तमन्ना की वायरल तस्वीर ने छेड़ी बहस

बॉलीवुड अभिनेत्री Tamannaah Bhatia की एक तस्वीर इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। तस्वीर में उनकी हाइट, वजन और बॉडी माप जैसी डिटेल्स दिखाकर 'परफेक्ट फिगर' का दावा किया गया है—लेकिन इसने फैंस के बीच एक नई बहस छेड़ दी है। जहां कुछ लोग उनकी फिटनेस और ग्लैमरस लुक की तारीफ कर रहे हैं, वहीं कई यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि क्या किसी कलाकार को इस तरह 'नाप-तोल' में बांधना सही है ? एक यूजर ने लिखा, 'टैलेंट की जगह अब बॉडी मेजरमेंट्स ट्रेंड कर रहे हैं', जबकि दूसरे ने कहा, 'तमन्ना की खूबसूरती उनकी मेहनत और आत्मविश्वास में है, सिर्फ आंकड़ों में नहीं।' यह वायरल पोस्ट एक बार फिर दिखाता है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली 'परफेक्शन' की तस्वीरें अक्सर बहस और सोच—दोनों को जन्म देती हैं।

# नीतीश कुमार ने आज बिहार के CM पद से इस्तीफा दिया, सम्राट चौधरी कल शपथ लेंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/14 अप्रैल। नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वे राज्यसभा में जाएंगे। यह राज्य के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता के तौर पर उनके लंबे कार्यकाल का अंत है। उनके इस्तीफे के बाद, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले हैं।




आज, नीतीश कुमार ने अपने अंतिम आधिकारिक कर्तव्य पूरे किए। उन्होंने सुबह 10:30 बजे बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की, सुबह 11:00 बजे अपनी अंतिम कैबिनेट बैठक में भाग लिया, और दोपहर 3:00 बजे राजभवन में राज्यपाल सैयद अता हसनैन से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा।

यह एक संवैधानिक जरूरत है। मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलने से पहले कैबिनेट को भंग करने के अपने फैसले के बारे में अपने सहयोगियों को सूचित करते हैं, वरिष्ठ भाजपा नेता और बिहार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा। कुमार के इस्तीफे के बाद, भाजपा विधानमंडल दल ने पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में अपने नेता का चुनाव करने के लिए बैठक की। शाम 4:00 बजे, ठळ्ळ विधानमंडल दल ने बिहार विधानसभा के सेंट्रल हॉल में नए मुख्यमंत्री का समर्थन किया और औपचारिक रूप से राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया।

नए मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह 15 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे राजभवन में होना तय है। नीतीश कुमार का इस्तीफा बिहार में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव का संकेत है। लगभग दो दशकों तक पद पर रहने और राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद, वे अब राज्य के नेतृत्व से पीछे हट रहे हैं। नीतीश कुमार जी अपना ज्यादातर समय बिहार में ही बिताएंगे। वे दिल्ली में केवल तभी रहेंगे जब संसद का सत्र चल रहा होगा। नई सरकार उनकी सहमति से बनेगी, और यह उनके मार्गदर्शन में काम करेगी, JD(U) नेता जमा खान ने कहा, जो निवर्तमान राज्य सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री थे। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि नीतीश कुमार के इकलौते बेटे, निशांत को नई सरकार में ₹किसी महत्वपूर्ण भूमिका₹ के लिए विचार किया जाएगा। निशांत ने अभी एक महीना पहले ही JD(U) में शामिल हुए थे।

## सतलुज किनारे पुलिस की रेड: अवैध माइनिंग माफिया में हड़कंप, रेत से भरी 6 ट्रैक्टर-ट्रालियां जब्त

### मुख्य आरोपी जग्गा साथियों समेत फरार; पुलिस ने दर्ज किया केस, तलाश में दी जा रही दबिश

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/अप्रैल। सतलुज दरिया के किनारे चल रहे अवैध खनन के खिलाफ थाना सिद्धवां बेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान रेत से भरी 6 ट्रैक्टर-ट्रालियां जब्त की हैं। हालांकि, मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जग्गा और उसके साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में कामयाब रहे।

**मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई...** पुलिस के अनुसार, एएसआई धर्मेंद्र सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव खुर्दपुर के पास सतलुज दरिया में जसवीर सिंह उर्फ जग्गा निवासी उमरेवाल अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध रूप से रेत की खुदाई करवा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर छापेमारी की।

**पुलिस को देख मची भगदड़, वाहन छोड़ भागे तस्कर:-** जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, वहां हड़कंप मच गया। पुलिस को देख कई ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक अपने वाहनों के साथ फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर 6 ट्रालियों को कब्जे में ले लिया, जो रेत से लदी हुई थीं।

एएसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में:

**आरोपी:** जसवीर सिंह उर्फ जग्गा और अन्य अज्ञात साथी।

**कानूनी कार्रवाई:** आरोपियों के खिलाफ माइनिंग एंड मिनरल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अवैध माइनिंग करते हुए 6 ट्रालियां जब्त की हैं। जब्त वाहनों के जरिए मालिकों और चालकों की पहचान की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# जगरांव अनाज मंडी में गेहूं की सैंपलिंग, केंद्रीय रिपोर्ट के बाद ही होगा राहत पर फैसला

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/अप्रैल। बेमौसम बारिश और मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते इस बार गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने के मद्देनजर जगरांव अनाज मंडी में आज केंद्रीय स्तर से जुड़ी टीम ने गेहूं के नमूने एकत्र किए। मंडी से जुड़े अधिकारियों के अनुसार ये नमूने जांच के लिए चंडीगढ़ भेजे जा रहे हैं और रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि खरीद मानकों में किसी प्रकार की राहत दी जानी है या नहीं। पंजाब में हालिया बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं से गेहूं की फसल को नुकसान होने के बाद केंद्र द्वारा निरीक्षण टीम भेजे जाने की पुष्टि सार्वजनिक रिपोर्टों में भी हुई है।



भारतीय खाद्य निगम, लुधियाना के सहायक महाप्रबंधक मनीष देव प्रताप के हवाले से बताया गया कि गेहूं की खरीद जारी है, लेकिन मौसम की मार को देखते हुए फसल की गुणवत्ता का वैज्ञानिक परीक्षण जरूरी हो गया है। उनके अनुसार जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई और संभावित नई गाइडलाइन तय की जाएगी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आई टीमें पंजाब के विभिन्न जिलों की मंडियों में जाकर सैंपलिंग कर रही हैं, ताकि लस्टर लॉस, सिकुड़े दाने, टूटे दाने तथा अधिक नमी जैसी समस्याओं का मूल्यांकन किया जा सके। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार केंद्रीय टीम नमूनों का लैब परीक्षण कर अपनी सिफारिशें संबंधित मंत्रालय को भेजेगी।

सरताज सिंह, डिप्टी फील्ड कंट्रोलर (Deputy Field Controller - DFC), भारतीय खाद्य निगम (FCI) का कहना है कि इस बार खराब मौसम के कारण गेहूं में लस्टर लॉस और सिकुड़े दानों की समस्या सामने आई है। सार्वजनिक रिपोर्टों में कहा गया है कि पंजाब सरकार ने केंद्र से मांग की है कि राज्य के लिए भी वही राहत दी जाए जो पहले राजस्थान के लिए घोषित की गई थी। रिपोर्टों के अनुसार कई मंडियों में आने वाली गेहूं की खेप में नमी 12 प्रतिशत की निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है। मंडी अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि यदि उनकी फसल में नमी अधिक है तो वे गेहूं को धूप में सुखाएं या उपलब्ध साधनों से उसकी नमी कम करें, ताकि खरीद प्रक्रिया में बाधा न आए। प्रशासन का दावा है कि जगरांव अनाज मंडी में खरीद प्रक्रिया जारी है और खरीद एजेंसियों द्वारा जरूरी प्रबंध कर लिए गए हैं। हालांकि, आढ़ती वर्ग ने फसल की गुणवत्ता, स्पेसिफिकेशन और बारदाने की उपलब्धता को लेकर चिंता भी जताई है। पंजाब में खरीद सीजन के दौरान बारदाने और उठान की दिक्कतों को लेकर अन्य समाचार रिपोर्टों में भी चिंता सामने आई है। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान कन्हैया लाल बांका ने कहा कि बेमौसम बारिश, दिन-रात के तापमान में भारी अंतर और ठंड-गर्मी के असंतुलन का असर गेहूं के दाने पर पड़ा है। उनके अनुसार कई जगहों पर दाने सिकुड़े हुए, कालेपन वाले और टूटन वाले मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जगरांव मंडी में खरीद शुरू हो चुकी है और केंद्रीय टीमों को नमूने दे दिए गए हैं। बांका ने उम्मीद जताई कि जांच रिपोर्ट के आधार पर राहत देकर खरीद को सुचारु किया जाएगा, ताकि किसानों को अपनी उपज घाटे में बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े।

## वैसाखी पर लुधियाना में दर्दनाक हादसा: निशान साहिब की सेवा कर रहे सेवादार की गिरकर मौत

पंजाब/यूटर्न/14 अप्रैल। लुधियाना में वैसाखी के पावन अवसर पर एक दुखद हादसा सामने आया। दुगरी रोड स्थित आत्मनगर इलाके के गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, करतार नगर में मंगलवार सुबह निशान साहिब का चोला बदलने की सेवा के दौरान 40 वर्षीय सेवादार मनिंदर सिंह की 60 फीट ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मनिंदर सिंह क्रेन की मदद से ऊपर चढ़कर सेवा कर रहे थे, तभी अचानक क्रेन की तार टूट गई, जिससे वे सीधे नीचे फर्श पर गिर पड़े। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



हादसे की सूचना मिलते ही थाना मॉडल टाउन के अधीन चौकी आत्म पार्क की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के अनुसार, मनिंदर सिंह पिछले 12 वर्षों से गुरुद्वारा साहिब में निशान साहिब की सेवा कर रहे थे और हर संक्रांति व वैसाखी पर श्रद्धा से चोला बदलने का कार्य करते थे। इस हादसे के बाद पूरे इलाके और संगत में शोक की लहर है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372

Uturn Time 15 Apr 2026_Layout 2 14-04-2026 23:37 Page 12